दिनांक 22.02.2019

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत वार्ड समिति की बैठक अध्यक्ष वार्ड समिति जोन 05 सूर्यकान्त सिन्हा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिसमें जोन 05 अंतर्गत उद्यानों के संधारण एवं रखरखाव कार्य में अनियमितता एवं नियम व शर्तों के उल्लंघन की पार्षदों द्वारा शिकायत पर समिति द्वारा जांच समिति गठित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने एवं तब तक संपूर्ण तरह के भुगतान पर रोक लगाने की अनुशंसा की गई। जोन 05 अंतर्गत समस्त पूर्ण अपूर्ण एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की गुणवत्ता संवेक्षण हेतु जांच दल निर्माण करने का निर्णय लिया गया। प्रशासकीय कार्यालय हेतु उप अभियंता एवं खाद्य विभाग में लिपिक की शीघ्र पदस्थापना की मांग रखी गई। जोन 05 हेतु पृथक टैंकर, जेसीबी एवं डम्पर की व्यवस्था करने हेतु मांग रखी गई। वित्तीय वर्ष 2019-20 में उद्यानों के रखरखाव एवं संधारण कार्य हेतु बुलाये गये रुचि के अभिव्यक्ति को तत्काल प्रभाव से रिपोर्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत होने तक तत्काल प्रभाव से रोक लगाये जाने हेतु अनुशंसा की गई। राशन कार्ड के समस्त लंबित प्रकरणों पर अतिशीघ्र कार्यवाही कर खाद्य अधिकारी जिला दुर्ग को निराकरण करने हेतु आदेशित करने की अनुशंसा की गई। वित्तीय वर्ष 2017-18 में छ0ग0 शासन द्वारा जारी आदेशानुसार टाउनशीप क्षेत्र के समस्त 23 वार्डों में राशि 10.00 लाख रुपये तक विकास कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त आदेश को निरस्त किये जाने संबंध में पत्राचार करने हेतु अनुशंसा की गई।